प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए प्रचार तेजः भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मीरापुर, कुंदरकी और गाज़ियाबाद में की जनसभा।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे से संबंधित मामले में वर्ष 1967 के फैसले को किया निरस्त : मामला नियमित खंडपीठ को सौंपा।
3. उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ सम्पन्न हुआ चार दिवसीय महापर्व छठ : त्योहारों के बाद यात्रियों की वापसी के लिये 11 नवम्बर तक होगा विशेष ट्रेनों का संचालन। और
4. अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली 14 कोसी परिक्रमा कल से होगी शुरू : जिला प्रशासन ने सुरक्षा के किये व्यापक इंतज़ाम।

---------

प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर 20 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार अब तेज़ हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज से प्रदेश में चुनाव प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में आज उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुंदरकी और गाज़ियाबाद विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं कीं। मीरापुर जनसभा में रालोद प्रमुख जयंत चौधरी भी मौजूद रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री योगी ने समाजवादी पार्टी पर कानून व्यवस्था के मुद्दे पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को विकास के बैरियर को हटाने और किसानों तथा महिलाओं का सम्मान करने वाले लोग चाहिए।

*देश के अंदर संदेश साफ होना चाहिए, स्पष्ट होना चाहिए। हमें अराजक तत्व नहीं चाहिए। विकास के बैरियर को हटाने वाले लोग चाहिए, किसानों का सम्मान करने वाले लोग चाहिए। व्यापारियों की सुरक्षा देने वाले बेटी और बाण का सम्मान करने वाले लोग चाहिए और केवल एनडीए की सरकार। यह गारंटी आपको देने के लिए आज आपके बीच में आई है। आपसे कहने के लिए आई है क्योंकि हमारे आदर्श। चौधरी चरण सिंह जी है। धन सिंह कोतवाल जैसे महान क्रांतिकारी है। हमारे आदर्श वे महापुरुष हैं जिनका सब कुछ मातृभूमि के लिए समर्पण भाव के साथ बलदान के लिए समर्पित है।*

उधर, करहल विधान सभा सीट से सपा प्रत्याशी तेज प्रताप यादव ने चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा की लड़ाई पिछड़ों को न्याय दिलाने की है। श्री यादव ने कहा कि इस चुनाव के माध्यम से सपा जनता को 2027 की जीत का संदेश देगी।

---------

सर्वोच्च न्यायालय की सात न्यायधीशों की पीठ ने 4–3 के बहुमत से एस अजीज बाशा बनाम भारत सरकार मामले में 1967 के उस फैसले को आज खारिज कर दिया, जो अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक का दर्जा देने से इनकार करने का आधार बना था। वर्ष 1967 के फैसले में कहा गया था कि क़ानून द्वारा स्थापित कोई संस्था अल्पसंख्यक संस्था होने का दावा नहीं कर सकती। शीर्ष अदालत ने आज कहा कि किसी भी संस्था का अल्पसंख्यक दर्जा इसलिए वापस नहीं लिया जा सकता कि उसकी स्थापना वैधानिक व्यवस्था द्वारा की गई थी। पीठ में बहुमत ने माना कि न्यायालय को यह जांच करनी चाहिए कि विश्वविद्यालय की स्थापना किसने की और इसके पीछे किसकी सोच थी। यदि यह जांच अल्पसंख्यक समुदाय की ओर इशारा करती है, तो संस्था संविधान के अनुच्छेद 30 के अनुसार अल्पसंख्यक दर्जे का दावा कर सकती है। इस तथ्य के निर्धारण के लिए संविधान पीठ ने मामले को नियमित पीठ को सौंप दिया।

————————

सूर्योपासना का महापर्व छठ आज उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही सम्पन्न हो गया। छठ पर्व को लेकर पूरे प्रदेश में विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश में लोगों में बहुत उत्साह देखने को मिला। आज तड़के बड़ी संख्या में श्रद्धालु नदियों, सरोवरों और छठ पर्व के लिए बनाए गये अस्थायी पोखरों के किनारे उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पहुंचे। सूर्योदय की लालिमा बिखरने के साथ ही लोगों ने जल अर्पित कर अपनी छठ पूजा सम्पन्न की। सुल्तानपुर के आदि गंगा गोमती के सीताकुण्ड घाट पर और कुशीनगर में विभिन्न घाटों पर व्रतियों ने भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ माता की पूजा की।

*हाथों में प्रसाद के टोकरी और अर्घ्य लिए हुए पारंपरिक परिधानों में सजे श्रद्धालुओं ने ठंडे पानी मेंखड़े होकर उगते सूर्य की आराधना की । इस दौरान पारंपरिक भोजपुरी और मैथिली छठ गीतोंसे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।कल शाम की तरह आजसुबह भी हजारों छठ व्रती प्रदेश भर की नदियों और तालाबों के किनारे इकट्ठा हुए औरउगते सूर्य कीआराधना की। खास तौरपर पूर्वांचल के इलाकों में यह त्यौहार भव्य तरीके से मनाया गया आज सुबह भगवानसूर्य को अर्घ्य देने केसाथ ही 4 दिनों तकचलने वाले इस महाव्रत का समापन हुआ। सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

————————

भारतीय रेल छठ–पूजा के बाद यात्रियों की वापसी को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से 500 से अधिक विशेष रेलगाडियाँ चला रहा है। यात्रियों की भारी संख्या को देखते हुए रेलवे आज 164 ट्रेनें संचालित कर रहा है, जबकि कल 160, 10 नवंबर को 161 और 11 नवंबर को 155 विशेष गाडियां चलाई जाएंगी। भारतीय रेल के अनुसार, त्योहारों के सीजन के दौरान 4 हजार 521 ट्रेनों से करीब 65 लाख यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचाया गया। रेल मंत्रालय ने कहा कि इस महीने की 1 तारीख से 5 तारीख के बीच 6 करोड़, 85 लाख से अधिक यात्रियों ने बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड के लिए भारतीय रेल से यात्रा की। वहीं प्रदेश के यात्रियों की सुविधा के लिये पूर्वोत्तर रेलवे ने आज 9 स्पेशल ट्रेन चलाई है।

स्पेशल ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्री रेलवे के प्रयासों की सराहना कर रहे हैं। वाराणसी से यात्रा कर रहे दिलीप कुमार गुप्ता ने कहा कि स्पेशल ट्रेनें चलने से उन्हें काफी सहूलियत हुई है।

*अच्छा प्रयास है। बनारस से भी बहुत ही जम्मू तवी और दिल्ली के लिए अच्छा स्पेशल के लिए अच्छी ट्रेनें चल रही हैं। स्पेशल के तौर पर जिससे यात्रियों को बहुत ही सुविधाएं मिल रही है और ट्रेन बढ़ने से जनरल पब्लिक के लिए एक बहुत ही अच्छी प्रयास है। सरकार की तरफ से ये लगातार जारी रहना चाहिए।*

__________

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज कानपुर नगर में पांच दिवसीय रूटक्राफ्ट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज बड़ी संख्या में गांव और शहर की महिलायें हस्त उत्पादों का निर्माण कर अपनी आजीविका चला रहीं हैं। उन्होंने अन्य महिलाओं को भी इस प्रक्रिया से जुड़ने के लिये प्रोत्साहित किया।

__________

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज वर्चुअल माध्यम से लखनऊ में सामान्य पूल आवासीय परिसर आकांक्षा  का उद्घाटन किया। यह परिसर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार किया गया है। 48 हजार वर्ग मीटर में फैले इस परिसर में विभिन्न श्रेणियों के 115 आवास बनाए गए हैं। परिसर को बनाने के लिए 33.5 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई थी। कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों को तबादलों के कारण अलग–अलग जगहों पर जाना पड़ता है। ऐसे में सरकार उनके रहने की व्यवस्था करती है। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में सीपीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए गए 2.5 लाख घर हैं जिन्हें आवंटित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सीपीडब्ल्यूडी ने इस नव निर्मित परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग और सीवर ट्रीटमेंट प्लान भी लगाया है जिससे जल संरक्षण हो सकेगा।

__________

भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में 10 नवम्बर को दक्षिण–पूर्व एशिया के चार देशों के बौद्ध भिक्षु जुटेंगे। आयोजन समिति के सदस्य टी.के. रॉय ने बताया कि 10 नवम्बर को कुशीनगर बौद्ध भिक्षु संघ के अध्यक्ष अभिध्वजा महारथा गुरु भदन्त एबी ज्ञानेश्वर के 89वें जन्मदिन के अवसर पर आयोजित समारोह में कठिन चीवर दान और धम्मदेशना का कार्यक्रम होगा, जिसमें म्यामांर, मलेशिया, थाईलैंड और कोरिया के लगभग 50 से अधिक बौद्ध भिक्षु  शामिल होंगे। इससे पहले कल बुद्ध पीजी कॉलेज कुशीनगर में भदन्त ज्ञानेश्वर द्वारा निर्मित पाली भाषा भवन का लोकार्पण भी होगा, जिसके मुख्य अतिथि म्यामांर के राजदूत ऊ जो ऊ होंगे।

*अगला महापंडित विद्या महोदय गुरु भिक्षु गणेश जी के नवासितवा जन्मदिन के अवसर पर 9 नवंबर को पब्लिक स्कूल में सुबह 10 बजे से दो बजे तक विभिन्न कार्यक्रम रखा गया है। शाम को तीन बजे बुद्धा पोस्ट ग्रैजुएट कॉलेज में भिक्षु गणेश जी द्वारा निर्माण कराया*

*गया एवं दान के रूप में दिया गया। विशाल पाली भवन का उद्घाटन है।*म्यांमार के सम्मानियों राजदूत पूजो किया जाएगा।

---

अयोध्या में कल से 14 कोसी परिक्रमा की शुरुआत होगी। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार होने जा रही इस परिक्रमा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। श्रृद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन परिक्रमा मार्ग को सुगम बनाने का काम कर रहा है। कल शाम शुरू होने वाली परिक्रमा के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए हैं। परिक्रमा पथ पर 12 स्वास्थ्य कैंप बनाए जा रहे हैं। साथ ही परिक्रमा पथ पर सभी प्राइवेट चिकित्सालयों को भी अलर्ट किया गया है। प्रशासनिक सुविधाओं की अलावा स्वयंसेवी संस्थाएं भी परिक्रमा पथ पर जगह–जगह स्वास्थ्य कैंप व सेवा कैंप लगाएंगे।

---